## कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, खंडवा (म.प्र.)

क्रमांक 152/नालसा/जिविसेप्रा/2026 खंडवा, दिनांक : 18/04/2026

## //भर्ती विज्ञप्ति//

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र क्रमांक फा.न.337/स्था./राविसेप्रा/126/2026 जबलपुर दिनांक 09.04.2026 के अनुक्रम में, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुदान अंतर्गत बहुउपयोगी वाहन के लिये संविदा आधार पर एक वाहनचालक के पद के लिये संविदा आधार 2 वर्ष की अवधि हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है:-

(1) **आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि** : दिनांक 20 अप्रैल 2026 से प्रारंभ

(2) **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** : **दिनांक 04 मई 2026 सायं 05.00 बजे तक**

(3) **पद का नाम** :- वाहन चालक,

(4) **पद की संख्या** :- 01 पद

(5) **मानदेय** : - राशि 13,000/- मासिक

(6) **आवेदन पत्र दिनांक 20.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 04.05.2026 को सायं 05.00 बजे तक जमा कर सकते है।** आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा तथा जिला न्यायालय, खंडवा की अधिकारिक वेबसाईट (**https://khandwa.dcourts.gov.in**) से डाउनलोड कर सकते है।

(7) **वाहन चालक के पद हेतु निर्धारित योग्यता एवं शर्तें:-**

- मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है।
- योग्य मैकेनिक को प्राथमिकता दी जाएगी।
- आवेदक की न्यूनतम आयु दिनांक 01.01.2026 को 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है।

नोट : आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हुए आवेदक को उपरोक्त अनुसार दर्शित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं आवेदन की अंतिम तिथि तक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(सचिव) 18.4.2026
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला न्यायालय-खण्डवा (म.प्र.)

**(8) आवेदन पत्र एवं स्वप्रमाणित आवश्यक दस्तावेज :–**

आवेदक विज्ञापन में उल्लेखित अनुसार अपने आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरें तथा अपने आवेदन पत्र के साथ आवश्यक समस्त दस्तावेज/प्रमाण पत्र जैसे दसवीं की अंकसूची, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। यदि किसी अभ्यर्थी के पास समस्त दस्तावेज उपब्ध नहीं है एवं वह अपने आवेदन पत्र के साथ वांछित दस्तावेज संलग्न नहीं करता है, तो उसे अपात्र घोषित कर दिया जावेगा, ऐसे अभ्यर्थी को पात्र किये जाने के संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा व आवेदन पत्र नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।

**(9) आवेदन पत्र का प्रेषण :–**

आवेदक को आवेदन पत्र एवं आवश्यक समस्त दस्तावेज/प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ एवं दो नवीन फोटो (पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ बंद लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से आवेदित पद का नाम अंकित करते हुए प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र, **सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, सिविल लाइंस, खंडवा (म.प्र.) – 450001** के नाम से संबोधित करते हुए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा में स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 20.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 04.05.2026 को सायं 05.00 बजे तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं कोई पत्राचार भी मान्य नहीं होगा।

निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को निरस्त माना जाएगा, भले ही विलंब डाक विभाग द्वारा किया गया हो।

**(10) पात्र अभ्यर्थियों की सूची तथा साक्षात्कार की तिथि :–**

पात्र अभ्यर्थियों की सूची तथा साक्षात्कार की तिथि संबंधी जानकारी, जिला न्यायालय, खंडवा की अधिकारिक वेबसाईट **(https://khandwa.dcourts.gov.in)** तथा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा के सूचना पटल पर पृथक से प्रसारित की जाएगी।

18.4.2026

(सचिव)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला न्यायालय-खण्डवा (म.प्र.)

**(11) चयन प्रक्रिया/साक्षात्कार :–**

अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार एवं वाहन चालन की योग्यता पर आधारित होगा तथा चयन समिति द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर अधिकतम अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी ही उक्त पद हेतु चयनित किये जाएंगे। चयन प्रक्रिया में 1: 3 के अनुपात में प्रतीक्षा सूची संधारित होगी। छः माह पश्चात् अथवा अभ्यर्थियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रतीक्षा सूची निरस्त मानी जावेगी। पात्र आवेदकों को चयन समिति/बोर्ड के समक्ष व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए नियत तिथि पर उपस्थित रहना अनिवार्य है। आवेदक को साक्षात्कार दिनांक को अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है, जिसका सत्यापन साक्षात्कार दिनांक पर किया जाएगा।

पद की पात्रता की जांच हेतु चयन समिति द्वारा ड्राईविंग का परीक्षण कराया जाएगा। अनुपस्थित रहने की दशा में आवेदकगण को दोबारा अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा।

**(12) चयन परिणाम :–**

चयन समिति/बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से चयनित आवेदकों की चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा के सूचना पटल तथा जिला न्यायालय, खंडवा की अधिकारिक वेबसाईट (**https://khandwa.dcourts.gov.in**) पर प्रकाशित की जाएगी। एक से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक होने की दशा में अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता देते हुए सूची तैयार की जाएगी।

**नोट :–**

अंतिम परिणाम सूची में अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किए जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा, जब तक नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसे कि आवश्यक समझा जाए, यह समाधान नहीं हो जाता कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि या अन्य कोई सारवान त्रुटि ध्यान में आती है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा को परिणामिक परिवर्तनों के साथ चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**(13) नियुक्ति के संबंध में :–**

चयनित आवेदक की वाहनचालक पद पर नियुक्ति पूर्ण रूप से संविदा आधार पर 02 वर्ष की अवधि के लिये की जाएगी। जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतरता

18.4.2026
(सचिव)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला न्यायालय-खण्डवा (म.प्र.)

की आवश्यकता के आधार पर तत्पश्चात् एक वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकेगा। संविदा अवधि के पश्चात् नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

संविदा चालक की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताये एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी। संविदा वाहन चालक के द्वारा एक माह का पूर्व नोटिस देकर या एक माह के वेतन के बराबर राशि जमा किया जाकर त्यागपत्र दे सकेगा।

संविदा चालक के कार्यो की समीक्षा समय–समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जावेगा और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरंतरता या विस्तार किये जाने के संबंध में विचार किया जा सकेगा।

चयनित आवेदक को नियुक्ति के पूर्व पुलिस वेरिफिकेशन प्रमाण पत्र, पहचान पत्र तथा जिला मेडिकल बोर्ड से स्वयं के व्यय पर निर्धारित शुल्क, यदि कोई हो, अदा कर मेडिकल जांच करवाकर फिटनेस सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा।

**<u>(14) शुद्धि पत्र :–</u>**

उपरोक्तानुसार संविदा वाहन चालक की भर्ती प्रक्रिया के दौरान यदि किसी प्रकार के स्पष्टीकरण या संशोधन की आवश्यकता होती है, तो उक्त संशोधन शुद्धिपत्र के माध्यम से जिला न्यायालय, खंडवा की अधिकारिक वेबसाईट **(https://khandwa.dcourts.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा। वेबसाईट पर प्रकाशित शुद्धिपत्र को सभी अभ्यर्थियों के लिए उचित एवं पर्याप्त सूचना के रूप में समझा जावेगा।

**<u>(15) आवेदनों का विनिष्टीकरण :–</u>**

आवेदन पत्रों का अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन को छोड़कर व अन्य सामग्री का चयन सूची अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक वर्ष बाद नष्ट कर दिया जाएगा।

18.4.2026.

(पियूष भावे),
न्यायाधीश / सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
खंडवा (म.प्र.)

# राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के अनुदान अंतर्गत बहुउपयोगी वाहन के लिए संविदा आधार पर वाहन चालक की 02 की अवधि हेतु भर्ती

## //आवेदन पत्र//

आवेदन पत्र क्रमांक ...................... (केवल कार्यालय उपयोग हेतु)

आवेदित पद :– वाहन चालक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम | ........................................................................ |
| 2 | पिता/पति का नाम | ........................................................................ |
| 3 | जन्म तिथि | ........................................................................ |
| 4 | दिनांक 01.01.2026 को आयु<br>(जन्म तिथि के संबंध में आवश्यक स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | ............ वर्ष ............ माह .......... दिन |
| 5 | लिंग (पुरूष/महिला/ट्रांसजेंडर) | ........................................................................ |
| 6 | वर्तमान पूर्ण पता, पुलिस थाना एवं पिनकोड सहित | ........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................ |
| 7 | स्थायी पूर्ण पता, पुलिस थाना एवं पिनकोड सहित | ........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................ |
| 8 | मोबाईल नंबर/लैंडलाईन नंबर<br>(वाट्सअप नंबर सहित) | ........................................................................ |
| 9 | ई–मेल आई.डी. | ........................................................................ |
| 10 | आधार कार्ड नंबर (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 11 | ड्राइविंग लाइसेंस क्रमांक, जारी करने का वर्ष एवं वैधता अवधि सहित (ड्राइविंग लाइसेंस की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | ड्राइविंग लाइसेंस नंबर ...............................<br>जारी करने का दिनांक...............................<br>वैधता अवधि............................................. |

12. शैक्षणिक योग्यताएँ – केन्द्र अथवा राज्य शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालय/महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र

| क्र. | कक्षा | विषय | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्त प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दसवीं (अनिवार्य रूप से) | | | | |
| 2 | बारहवीं (यदि उपलब्ध हो) | | | | |
| 3 | स्नातक (यदि उपलब्ध हो) | | | | |
| 4 | अन्य शैक्षणिक योग्यता (यदि उपलब्ध हो) | | | | |

**नोट :–** आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता अनुसार अंकसूची/डिग्री/डिप्लोमा की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

13. <u>वाहन चालन एवं उसके सुधार कार्य का अनुभव :–</u>

आवेदक के पास यदि वाहन चालन या उसके सुधार कार्य के संबंध में अनुभव हो, तो उक्त कार्य अनुभव के प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

दिनांक : ........................ **आवेदक के हस्ताक्षर**

स्थान : ........................

# स्व–घोषणा पत्र

मैं संविदा वाहन चालक पद के लिए आवेदन करना चाहता/चाहती हूँ। मैं ........................................ पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री ............................................. उम्र ......... वर्ष निवासी ...................................................................................................................................... जिला .................................. राज्य ........................ एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। मैंने इसमें कुछ भी छिपाया नहीं है, मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने पर मेरे विरूद्ध आपराधिक/दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है। साथ ही मुझे प्राप्त समस्त लाभों को भी वापस किया जाएगा। मेरे विरूद्ध किसी भी पुलिस थाने, न्यायालय तथा अन्य किसी विभाग में कोई आपराधिक दण्डात्मक कार्यवाही लंबित नहीं है। न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है।

दिनांक : ........................ आवेदक के हस्ताक्षर

स्थान : ........................